छत्तीसगढ़ के 6 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण-पत्र

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीज़ों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने वाले छत्तीसगढ़ के छह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक **(NQAS)** प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- इसके साथ ही जगदलपुर ज़िला अस्पताल और मुंगेली ज़िले के लोरमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को प्रसव कक्ष और मैटरनिटी ऑपरेशन थियेटर की उत्कृष्ट सुविधाओं तथा प्रसूताओं एवं गर्भवती महिलाओं की अच्छी देखभाल के लिये 'लक्ष्य' प्रमाण-पत्र (LaQshya Certification) प्रदान किया गया है।
- राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र पाने वाले छह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पाँच शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और एक ग्रामीण अंचल का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल है।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जशपुर ज़िले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेलवा, फरसाबहार को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है।
- वहीं राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र पाने वाले पाँच शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रायपुर ज़िले के तीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंगोरा भाठा, उरला व भनपुरी, कोरबा ज़िले का ढोढीपारा तथा दुर्ग ज़िले का चरोदा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं।
- उल्लेखनीय है कि 'राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक' प्रमाण-पत्र और 'लक्ष्य' प्रमाण-पत्र प्रदान करने के पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम द्वारा अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का कई मानकों पर परीक्षण किया जाता है। इन कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी किये जाते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-quality-assurance-certificate-to-6-primary-health-centers-of-chattisgarh